हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 मार्च 2026

06 श्रमदान कर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को ...



07 युवा हिंदू वाहिनी ने मुस्कान संस्था में कन्यापूजन...






### गर्मी बढ़ी, तापमान 37.7 डिग्री पर पहुंचा

**नर्मदापुरम**। मार्च की शुरुआत इस बार मौसम के अनोखे रंग के साथ हुई थी। पहले गर्मी का दौर था, जिसके कारण दिन में तेज धूप और बढ़ती गर्मी का असर साफ दिखाई दे रही थी,लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में परिवर्तन हुआ और तापमान में गिरावट आई। जिससे हल्की गुलाबी सर्दी का भी अहसास हुआ, लेकिन रविवार से फिर मौसम ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तेज तपन के कारण एक बार अधिकतम तापमान रविवार को 4 डिसे बढ़त के बाद 37.7 डिसे पर जाकर ठहरा। जो ईस्ट मप्र प्रदेश में सबसे अधिक गर्म था। रविवार का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 डिसे अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 18.9 डिसे दर्ज किया गया। हालांकि पचमढ़ी का अधिकतम तापमान 27.2 डिसे था जो सामान्य से कम रहा।

## शोभायात्रा और भक्ति में रंगा नर्मदांचल, जगह-जगह गणगौर का स्वागत हुआ, इधर माता रानी की पूजा व श्रद्धा का उत्सव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर/नर्मदापुरम

क्षेत्रीय वैश्य मारवाड़ी समाज प्रतिवर्ष गणगौर पर्व पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ मनाता है। इस वर्ष भी गणगौर पूजन एवं शोभायात्रा आयोजन किये गए। इस अवसर पर वैश्य मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने सहभागिता की। समाज की सोहागपुर इकाई से प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष गणगौर पूजन कार्यक्रम को भक्ति एवं उल्लास के माहौल में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणगौर के रूप में सुसज्जित बच्चों को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा शहर में निकाली गई। यह शोभायात्रा बिहारी चौक स्थित समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल के निवास से प्रारंभ हुई। यात्रा का मारवाड़ी परिवारों द्वारा जगह-जगह स्वागत कर पूजन किया गया। इसके अलावा भी मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा का विश्राम मारूपुरा निवासी संजय खंडेलवाल के निवास पर हुआ। नगर के श्रीराम चौक पर भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर गणगौर माता के प्रति आस्था प्रकट की। कार्यक्रम दौरान वैश्र मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण की व प्रचलित लोकगीत गाए। मारुपुरा में खंडेलवाल निवास पर गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। संजय खंडेलवाल, सौरभ अग्रवाल आदि सामाजिक नागरिकों ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, संस्कृति व परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक सुंदर उदाहरण बना।



### महिलाएं उपस्थित रहीं

भारतीय संस्कृति के धार्मिक प्रसंग पर आधारित तथा बुजुर्गों द्वारा स्थापित सद्परंपरा के परिपालन में किये गए इस अनुकरणीय कार्यक्रम में वैश्य मारवाड़ी समाज के परिवारों से बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। इस दौरान समाज से सुलोचना अग्रवाल, विमला अग्रवाल, प्रमिला खंडेलवाल, किरण अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, अनुपमा खंडेलवाल, शीतल खंडेलवाल, दीपक खंडेलवाल, बबीता खंडेलवाल, संगीता खंडेलवाल, बबीता अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, वृंदा अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।



### नर्मदांचल माता की भक्ति में लीन हुआ

नर्मदांचल माता की भक्ति में लीन है। शहर में कई स्थानों पर माता रानी की प्रतिमा विराजमान की गई। जिन्हें देखने शाम के समय भक्तों की भीड़ रही है। वहीं सुबह से मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ रहता है। अलसुबह से पुरूष व महिलाएं माता रानी का पूजन पाठ करने मंदिरों में कतारे लगाकर पहुंच रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय है।

### भूसा मशीन से निकली चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही

## कांद्राखेड़ी: खेतों में भीषण आग, 8 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक

**एक भूसा मशीन और ट्रैक्टर भी जलकर खाक**

रविवार दोपहर कांद्राखेड़ी और सावलखेड़ा के बीच खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भूसा मशीन से निकली चिंगारी को आग लगने का कारण माना जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कांद्राखेड़ी और सावलखेड़ा के बीच रविवार दोपहर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह आशंका जताई जा रही है कि आग भूसा मशीन से निकली चिंगारी के कारण लगी थीं, जिसे किसानों की लापरवाही माना जा सकता है। दोपहर में अचानक आग भड़क उठी और सूखी खड़ी गेहूं की फसल में देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने झाड़ियों और पाइपलाइन की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की गंभीरता को देखते हुए सिवनी मालवा, इटारसी और नर्मदापुरम से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे।



### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक करीब 7 से 8 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी। साथ ही एक भूसा मशीन और ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों के मुताबिक, इस आग में कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि खेत में काम के दौरान पर्याप्त सावधानी नहीं बरतने के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है। जांच के बाद ही नुकसान का सही आंकलन और जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### भूसा मशीन से चिंगारी की आशंका

खेत में भूसा मशीन से काम किया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि मशीन से निकली चिंगारी के कारण आग लगी होगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। किसान राकेश गौर के मुताबिक, जयप्रकाश आ. द्वारका प्रसाद 3 एकड़, गोविंद आ. द्वारका प्रसाद 1.5 एकड़, सत्यनारायण आ. गैंदालाल 2.5 एकड़ और नारायण सिंह आ. विजय सिंह की 0.5 एकड़ गेहूं की फसल जल गई।

### आग लगने का स्पष्ट कारण नहीं

तहसीलदार सुनील गढ़वाल ने बताया कि सूचना मिलते ही पटवारी और आरआई को मौके पर पंचनामा बनाने के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही नुकसान का सही आंकलन और आग लगने के कारण स्पष्ट हो पाएंगा। वहीं डोलरिया थाना प्रभारी खुमान सिंह का कहना है कि मामले की जांच के लिए जिन किसानों की फसलों में आग लगी है उन्हें मामला दर्ज करने थाने बुलाया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। हालांकि आग कैसे लगी है यह शाम तक स्पष्ट नहीं हो पाया था। कुछ किसान कह रहे थे कि भूसा मशीन से आग लगने की आशंका है। राष्ट्रीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राकेश गौर का कहना है इसे लापरवाही कहे या घटना। नुकसान तो किसान का हुआ है। सिस्टम को भी दोषी नहीं माना जाता है, सरकार जो जागरूकता अभियान चला रही है वह ठीक तरीके से नहीं है। किसानों के पास जो संसाधन उपलब्ध है उसका ऐसी घटनाओं के दौरान उपयोग कैसे करना है उसका समुचित उपयोग सिखाया जाए।

### नरवाई प्रबंधन पर समीक्षा

कलेक्टर सोनिया मीना ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में नरवाई प्रबंधन, गेहूं उपार्जन कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन हेतु तैयार कार्ययोजनाओं की अनुविभागवार समीक्षा की। उन्होंने गेहूं कटाई के अनुपात में उत्पन्न होने वाले फसल अवशेषों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए जागरूक किया जाए तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने एसडीएम नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि अनुविभाग स्तर पर सुस्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें और क्षेत्र में उपलब्ध गौशालाओं की भूसा भंडारण क्षमता का आकलन कर नरवाई से भूसा बनाने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करें। इसी प्रकार एसडीएम पिपरिया को भी स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर किसानों को जागरूक करने तथा नरवाई प्रबंधन के अधिक से अधिक विकल्प तलाशने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने फसल अवशेष प्रबंधन हेतु आवश्यक कृषि यंत्रों की उपलब्धता का आकलन करने तथा पब्लिक, प्राइवेट एवं शासकीय समन्वय से प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## रसूलिया की कॉलोनी में तीन मंदिरों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रसूलिया स्थित साईं ग्रीन सिटी कॉलोनी में चोरों ने एक ही रात में तीन मंदिरों को निशाना बनाते हुए भगवान की सामग्री चोरी कर ली। रविवार सुबह जब लोग पूजा के लिए पहुंचे, तो मंदिरों से दान पेटी, कलश, गदा, त्रिशूल, चांदी का मुकुट और बड़े घंटे गायब मिले। घटना के बाद कॉलोनी में हड़कंप मच गया। रहवासियों के अनुसार चोरों ने सुनियोजित तरीके से तीनों मंदिरों में वारदात को अंजाम दिया।

देवी मंदिर से दान पेटी, कलश और घंटा चोरी हुआ, जबकि हनुमान मंदिर से हनुमान जी की गदा गायब मिली। वहीं शंकर मंदिर से त्रिशूल, दान पेटी, पूजन सामग्री, बड़ा घंटा और चांदी का मुकुट चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई। देहात थाने से एएसआई दिनेश मेहरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली जाएगी। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। रहवासियों का कहना है कि जब चोर मंदिरों को नहीं छोड़ रहे, तो आम घरों की सुरक्षा भी खतरे में है।

उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। गौरतलब है कि इससे पहले सर्किट हाउस घाट स्थित मंदिर में भी चोरी की घटना सामने आई थी, जिसमें कलश चोरी हुआ था। उस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जो नशे के आदी निकले थे।

### आज यूथ कांग्रेस का बड़ा आंदोलन

**इटारसी**। शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला जा रहा है। सोमवार को इटारसी के ऐतिहासिक जयस्तंभ चौक पर शाम 6 बजे एक विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिस प्रकार अमर शहीद भगत सिंह ने अंग्रेजों के दमनकारी ट्रेड डिस्प्यूट बिल का विरोध कर मजदूरों के अधिकारों की रक्षा की थी, उसी तर्ज पर आज भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आवाज उठाना अनिवार्य है।

### पटवारी ने दर्ज नहीं किया गेहूं बोनी का रकबा, सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

**सोहागपुर**। सोहागपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोहनादेह स्थित एक खेत के गेहूं फसल के रकबे का पटवारी ने उल्लेख नहीं किया है। जिसके चलते कृषक अपनी भूमि का पंजीयन समर्थन मूल्य पर गेहूं बिक्री के लिए नहीं कर पा रहा है। मामले में कृषक ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है। कृषक अधिवक्ता संजय तिवारी निवासी रघुवंशीपुरा सोहागपुर ने 19 मार्च 2026 को सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत क्रमांक 37318490 में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत गोहनादेह में खसरा नंबर 1/1 तथा 1/3 के पटवारी हल्का नंबर 15/32 में उनका कुल रकबा आठ एकड़ 24 डिसमिल का है। जिसमें गेहूं फसल के लिए पटवारी ने ना तो सर्वे किया है ना ही आठ एकड़ भूमि गिरदावरी में चढ़ाई गई है। आवेदक ने उक्त संबंध में तहसील कार्यालय सोहागपुर में आवेदन भी दिया था। लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया, जिसके बाद किसान ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है। हरिभूमि को किसान ने बताया कि कृषि भूमि पर गेहूं फसल का उल्लेख नहीं किए जाने के कारण वे समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिये भूमि का पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं. मामले में कृषक अधिवक्ता संजय तिवारी रघुवंशीपुरा सोहागपुर ने समस्या निराकरण की अपेक्षा सीएम हेल्पलाइन व्यवस्था से की है।

### स्वर्गीय माधवराव सिंधिया ट्रॉफी हेतु नर्मदापुरम सीनियर टीम घोषित

**नर्मदापुरम**। मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय माधवराव सिंधिया ट्रॉफी 23 मार्च से ग्वालियर में आयोजित है। प्रतियोगिता हेतु नर्मदापुरम संभाग टीम की घोषणा कर दी गई है नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि सीनियर मेंस एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए चयन हेतु खिलाड़ियों के प्रदर्शन को महत्वता दी गई है चयनकर्ताओं के अनुसार संभाग के सभी खिलाड़ियों को भरपूर मौका दिया गया है बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। एमपीसीए नियमानुसार अगर कोई खिलाड़ी चोटिल या अनफिट होता है तो परिवर्तन के रूप में पांच खिलाड़ियों को अतिरिक्त रखा गया है। एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग की टीम गत वर्ष उक्त प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची थी इस बार हमारी टीम ओर बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बनेगी।टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों नर्मदापुरम संभाग के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। चयन समिति के चेयरमैन संजय नाफ़डे ने टीम की घोषणा की चयनित नर्मदापुरम टीम इस प्रकार है। यश दुबे (कप्तान), राहुल चंद्रौल (विकेट कीपर), गौतम रघुवंशी, अखिल निगोटे यादव, अथर्व महाजन, हिमांशु शिंदे, आर्यन देशमुख, आयुष मानकर, प्रशांत कासदे, ऋत्विक दीवान, नवीन नागले, विधान दुबे, कार्तिक राजोरिया, पुलकित गिरी, शास्वत भदौरिया, कोच अतुल प्रताप सिंह, ट्रेनर सुनील किलोसिया और मैनेजर मनोहर बिलथरिया हैं।

### खर्राघाट पर विराजीं हैं मनोकामना पूर्ण करने वाली देवी मां हिंगलाज

## धरती के गर्भ में स्थित शक्तिपीठ का अदभुत रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आस्था और प्रकृति का पावन संगम तट खर्राघाट जहां मां नर्मदा के रमणीय तट के बीच एक अद्भुत आध्यात्मिक स्थल स्थित है,मां हिंगलाज देवी का मंदिर। यहां प्राकृतिक सौंदर्य और दिव्यता का ऐसा संगम देखने को मिलता है, जो हर भक्त के मन को श्रद्धा से भर देता है। इस पावन धाम की सबसे विशेष बात यह है कि मां हिंगलाज देवी की प्रतिमा धरती से लगभग 11 फीट नीचे एक गुफा में स्थापित है। भक्तों को सीढ़ियों के माध्यम से नीचे उतरकर मां के दर्शन करने होते हैं, जिससे यह अनुभव और भी अलौकिक बन जाता है। मां हिंगलाज को 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। यद्यपि उनका प्रमुख धाम बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में स्थित है, किंतु नर्मदापुरम का यह मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पवित्र और सिद्ध स्थल माना जाता है। यहां की मान्यता है कि सच्चे मन से मां की पूजा-अर्चना करने पर भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। इसी आस्था के कारण वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नवरात्र में सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शनों को पहुंच रहे है।



### गुफा में विराजमान थी माता

मंदिर के पुजारी भवानी शंकर तिवारी बताते हैं कि बात 1973 की है। शहर से करीब 4 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी किनारे एक गुफा थी, जिसमें हिंगलाज देवी की मूर्ति विराजमान थी। यहां रहने वाले बाबा इसकी मूर्ति की पूजा करते थे, इस दौरान नर्मदा में आई बाढ़ के बाद यहां पर सब कुछ नष्ट हो गया। गुफा भी नष्ट हो गई, और मूर्ति का भी पता नहीं चल सका।

### ठेकेदार को आया था सपना

पुजारी भवानी शंकर तिवारी बताते हैं कि वर्ष 1990-91 में यहां नया रेल ब्रिज बनाया जा रहा था। भोपाल के ठेकेदार राजकुमार मालवीय को यहां काम करने में रुकावटें आ रही थी। ठेकेदार बेहद परेशान था। एक रात ठेकेदार को माता सपने में आई। सपने के मुताबिक ठेकेदार ने खुदाई कि तो मंदिर और देवी प्रतिमा का पता चला। जिसके बाद यह मंदिर अस्तित्व में आया। ठेकेदार का काम भी बढिय़ा चलने लगा।

### साल भर चलता है भंडारा

शहर से करीब चार किलोमीटर दूर नर्मदा के खर्राघाट के किनारे स्थित माता हिंगलाज देवी का मंदिर मौजूद है। जहां साल भर भंडारे का आयोजन किया जाता है। साथ ही यह शहर की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रदालु पहुंचते हैं। नवरात्र पर यहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## मातृशक्ति का स्वच्छता अभियान, पूजन सामग्री हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की महिमा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा एक अनुकरणीय पहल की जा रही है। विगत तीन-चार वर्षों से स्थानीय चित्रगुप्त घाट सहित अन्य घाटों पर यह स्वच्छता अभियान अनवरत जारी है।

इसी क्रम में रविवार को आयोजित अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने नर्मदा तट से फूल-मालाएं एवं अन्य पूजन सामग्री बाहर निकाली और पूरे कचरे को एकत्रित कर डस्टबिन में सुरक्षित रखा।स्वच्छता के इस पुनीत कार्य में नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा, जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, विजय वर्मा, समाजसेवी सुमन वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, अश्वनी वर्मा, सीबी खरे, प्रीति खरे, मनोज वर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी रश्मि वर्मा, रश्मि सक्सेना, ममता तिवारी, लालता प्रसाद, जानकी आदित्य, प्रत्यक्ष खरे, केशव वर्मा, गुड्डू वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खबर

### अक्षय फल देती नर्मदा सेवा राजेंद्र श्रीवास्तव

अभियान के दौरान अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि समाज द्वारा विगत वर्षों से नर्मदा किनारे प्रत्येक रविवार को चलाया जा रहा यह स्वच्छता अभियान एक प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ₹स्वच्छता के इस महा-अभियान में हर वर्ग के व्यक्ति को सहभागी बनना चाहिए। महिला बाल विकास अधिकारी रश्मि वर्मा ने मातृशक्ति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि माँ नर्मदा को सुंदर बनाए रखने के लिए महिलाओं ने जो बीड़ा उठाया है, उसने साबित कर दिया है कि सामूहिक प्रयासों से हम तटों को कचरा मुक्त बना सकते हैं। बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि हम सभी उनकी कृपा से ही पल्लवित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹स्कंद पुराण के अनुसार नर्मदा का हर कंकड़ शंकर के समान पूजनीय है। यहाँ की लहरों में शांति और मुक्ति का वास है, इसलिए इस देव-नदी की गरिमा बनाए रखना हमारा धार्मिक कर्तव्य है।



## खबर संक्षेप

### कुत्तों के हमले से चीतल की मौत

**बैतूल।** सोनाघाटी इलाके में रविवार को एक मादा चीतल के शावक की मौत हो गई। राहगीरों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कुछ आवारा कुत्तों को मृत चीतल को नोचते हुए देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इसकी जानकारी वन विभाग से साझा की। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। डिप्टी रेंजर जय टेकाम ने चीतल के शावक का रेस्क्यू किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया गया कि आवारा कुत्तों ने उसे बुरी तरह नोच डाला था। बैतूल रेंज के रेंजर अनुनेद्र शुक्ला ने जानकारी दी कि मृत चीतल लगभग एक वर्ष की मादा थी। आशंका है कि वह अपने झुंड से बिछडक़र आबादी वाले क्षेत्र में आ गई थी। डिप्टी रेंजर टेकाम ने बताया कि आवारा कुत्तों ने उसे घेरकर हमला किया होगा, जिसके कारण उसकी मौत हुई। वन अधिकारियों के मुताबिक, चीतल के शरीर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जो कुत्तों के हमले की पुष्टि करते हैं। घटना स्थल जंगल से सटा हुआ है, जिससे यह संभावना प्रबल होती है कि शावक रास्ता भटक कर यहां आ गया था। मृत चीतल का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सक डॉ. चंचल ने किया। पोस्टमार्टम के बाद, वन विभाग ने नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### भव्य नाट्य अविष्कार महानाट्य 25 को बैतूल में

**सारनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संघ शताब्दी वर्ष में देश भर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन का भव्य नाट्य अविष्कार महानाट्य का आयोजन 25 मार्च को जयवंती हाक्सर महाविद्यालय बैतूल के अटल सभागार में सायं 7 बजे आयोजित किया गया है। इस अवसर पर डीडी उईके केंद्रीय राज्य मंत्री, हेमंत खंडेलवाल विधायक बैतूल एवं प्रांतीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश, पार्वतीबाई बारसकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बैतूल, बुधपाल काकोडिया माननीय जिला संघचालक बैतूल, मोहन नागर प्रदेश उपाध्यक्ष, जन अभियान परिषद और मीनाक्षी चौबे प्राचार्य जेएच कालेज बैतूल उपस्थित रहेगें। इस आशय की जानकारी संस्कार भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय महामंत्री मोतीलाल कुशवाह देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शताब्दी वर्ष में संस्कार भारती भी लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रही है। युगप्रवर्तक डाक्टर हेडगेवार का महानाट्य का कार्यक्रम नादबह्म नागपुर द्वारा निर्मित भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। संस्कार भारती बैतूल के महामंत्री योगेन्द्र ठाकुर ने बैतूल जिले समस्त नागरिकों से आग्रह किया है की इस महानाट्य को अवश्य देखने के लिए बैतूल आयें।

### गायत्री परिवार ने श्रमदान कर की तालाब की सफाई

**आमला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जल स्त्रोत नदी शुद्धि अभियान के तहत ग्राम साईखेड़ा के पौराणिक तालाब पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। गायत्री प्रज्ञापीठ आमला के प्रमुख ट्रस्टी बीपी धामोडे एवं शिशुपाल डढोरे, रमेश बेले ने जल है तो कल है कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराया और बताया कि घर में जो भी पूजा पाठ होती है यज्ञ हवन आदि होते हैं, उसकी सामग्री जल स्त्रोत में नहीं डालनी चाहिए। इससे जल अशुद्ध होता है और जल जीव जंतुओं को काफी नुकसान होता है। गायत्री प्रज्ञापीठ आमला तालाब को साफ रखने के लिए ग्रामीणों को जनजाग्रति के माध्यम से लोगों को जागृत करके जल के महत्व को समझाया। इस अवसर पर श्री कृष्ण लीला फाउंडेशन के संयोजक राजेंद्र उपाध्याय, पर्यावरण प्रेमी सदाराम झरबड़े, बाबूराव मकोड़े, भूरेन्द्र मकोड़े, पांडुरंग देशमुख, आरके बनखेड़े, मधुकर मकोड़े सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

चार साल से नहीं हुआ ठेका, नपा को उठाना पड़ रहा राजस्व का नुकसान

# विराम शुल्क और पार्किंग वसूली के लिए नपा को नहीं मिल रहे ठेकेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका को बस स्टैंड पर वाहनों के विराम शुल्क और पार्किंग जैसी सेवाओं की वसूली के लिए ठेकेदार नहीं मिल रहे है। ठेके की राशि कम करने के बाद भी ठेकेदार दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है।

इससे नपा को सालाना लाखों रूपये का नुकसान हो रहा है। दरअसल शहर के कोठीबाजार बस स्टैंड पर रूकने वाली बसों से विराम शुल्क और मोटर साइकिल स्टैंड पर वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल करती थी, इसका बकायदा ठेका होता था, लेकिन पिछले चार साल से बस स्टैंड पर वाहन विराम शुल्क एवं पार्किंग जैसी सेवाएं फ्री में संचालित हो रही हैं। नगरपालिका भी कर्मचारी लगाकर वाहन विराम शुल्क की वसूली नहीं करवा पा रही है। इससे नगरपालिका को सालाना 15 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि चार बार ई-टेंडर करने के बाद भी कोई सामने नहीं आया है। बता दे कि बसों से विराम शुल्क के लिए प्रति बस 24 घंटे के हिसाब से शुल्क निर्धारित किया था। वहीं दोपहिया वाहन पार्किंग का टेंडर नहीं होने से वाहन निःशुल्क में पार्क किए जा रहे हैं। जिस कारण नगर पालिका को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### ऑफसेट प्राइज कम करने के बाद भी ठेकेदारों की रूचि नहीं

नगरपालिका ने बस स्टैंड पर विराम शुल्क वसूली के लिए ई-निविदा आमंत्रित की थी। लेकिन इसमें किसी प्रतिभागी ने हिस्सा नहीं लिया। बताया जा रहा है कि नगरपालिका ने वर्ष 2021 को उच्चतम ऑफर दर 21 लाख 50 लाख के साथ ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। वर्ष 2023-24 में उच्चतम ऑफर दर 22 लाख रुपए था। नगरपालिका द्वारा निरंतर निविदा आमंत्रित किए जाने के बाद भी प्रतिभागियों ने हिस्सा नहीं लिया। इसके बाद राजस्व के सालाना नुकसान को देखते हुए नगरपालिका ने टेंडर में उच्चतम ऑफर दर (ऑफसेट प्राइज) को घटाया था, लेकिन इस स्थिति में भी ठेकेदार आगे नहीं आये। जिससे विराम शुल्क और पार्किंग वसूली का ठेका नहीं हो पाया और नगरपालिका को सालाना राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### फ्री संचालित हो रही विराम और पार्किंग सेवाएं

नगरपालिका को ठेकेदार नहीं मिलने से बस स्टैंड पर विराम शुल्क और पार्किंग जैसी सेवाएं फ्री में संचालित हो रही है। इधर बस स्टैंड से आय नहीं होने के कारण नगरपालिका भी बस स्टैंड के रखरखाव और अन्य सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है। बस स्टैंड की रंगत भी फीकी पड़ गई है। बस स्टैंड परिसर में मूलभूत सुविधाएं भी यात्रियों को नाममात्र की मिल रही है और खामियाजा आमजनता को चुकाना पड़ रहा है। जानकार बताते है कि इस स्थिति के लिए नगरपालिका स्वयं जिम्मेदार है। नपा द्वारा पूर्व में उच्चतम ऑफर दर में हर साल दस से पंद्रह फीसदी की बढ़ोत्तरी करने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। अब ठेकेदार दिलचस्पी नहीं ले रहे।

### बस स्टैंड पर दो सैकड़ा से अधिक बसों का आवागमन

बैतूल बस स्टैंड पर प्रतिदिन दो सैकड़ा से अधिक बसों का आवागमन होता है। बसों से नगरपालिका प्रति 24 घंटे के हिसाब से विराम शुल्क वसूली का ठेका देती थी। इसके बस स्टैंड आने वाले वाहनों से भी पार्किंग शुल्क लिया जाता था। बस स्टैंड से ही नगरपालिका को अच्छा खासा राजस्व मिल जाता था, लेकिन पिछले चार साल से विराम शुल्क वसूली और पार्किंग का ठेका नहीं होने से नपा को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकार कहते है कि वर्तमान में बस स्टैंड की हालत खस्ताहाल हो गई है। रंगरोगन भी खराब हो चुका है। लेकिन नपा ध्यान नहीं दे रही है, जबकि बस स्टैंड शहर की पहचान होती है।

### गर्मी की दस्तक के साथ होने लगी परेशानी

गर्मी की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में लगे आधा दर्जन से अधिक पंखे महीनों से बंद हैं। कई पंखों की पंखुडियां टूटी हैं, कुछ पर धूल और जाले जमे हैं। गर्मी बढने के बावजूद मरम्मत या सफाई नहीं कराई गई। यात्री पंखों के नीचे बैठते जरूर हैं, पर राहत नहीं मिलती। प्रतीक्षालय में संचालित दुकानों के फुटकर विक्रेताओं का कहना है कि कई बार इस संबंध में मौखिक शिकायत की गई, लेकिन सुधार नहीं हुआ। बस स्टैंड के मुख्य गेट पर सीढियों के पास लगी स्ट्रीट लाइट भी बंद है। शाम ढलने के बाद वहां अंधेरा छा जाता है, जिससे यात्रियों को आवागमन में परेशानी होती है। बता दे कि कोठीबाजार बस स्टैंड से प्रतिदिन दो से तीन हजार यात्री सफर करते हैं। यहां से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ भोपाल, इंदौर और नागपुर के लिए भी बसों का संचालन होता है। यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण प्रतीक्षालय अक्सर भरा रहता है। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से कई यात्रियों को खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में पंखों और रोशनी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव समस्या को और गंभीर बना देता है।

#### इनका कहना है

वाहन विश्राम शुल्क के चार बार टेंडर कॉल किए थे, लेकिन ऑफसेट प्राइज ज्यादा होने से कोई आगे नहीं आया। अब परिषद की बैठक में ऑफसेट प्राइज में बदलाव को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा। पर्याप्त कर्मचारी नहीं होने से नपा अपने स्तर पर वसूली नहीं कर पा रही है।

**ब्रजगोपाल परते,**
वरिष्ठ राजस्व अधिकारी, नगरपालिका बैतूल

---

## गेहूं के खेत में लगी आग



**शाहपुर।** ग्राम पहावाड़ी में मालवीय के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। हालांकि ग्रामीणों की सजगता से आग दूसरे खेतों तक नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से 5 फीट दूर गड्ढे कर दिये। जिससे अन्य खेतों में आग नहीं पहुंच पाई। वहां सभी के खेतों में गेहूं लगा हुआ है। इधर आगजनी की सूचना मिलते ही नगर परिषद शाहपुर की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। इस आगजनी में लगभग 25 बोरा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। लोगों द्वारा बिजली की चिंगारी से खेत में आग लगने की बात कहीं जा रही है।

## पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने हत्या के प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी संजू धोटे निवासी ग्राम बेलढाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 मार्च की रात्रि लगभग 11 बजे उसके बड़े भाई राजू धोटे द्वारा अपनी पत्नी मालोबाई पर लाठी से प्राणघातक हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए बैतूल अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। मामला प्रथम दृष्टया हत्या का पाए जाने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विशेष टीम गठित कर आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसके फलस्वरूप आरोपी राजू धोटे को 22 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा पत्नी पर किसी से फोन पर बात करने के शक के चलते मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाही में थाना भैंसदेही से निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि. आशीष कुमरे, उनि. प्रीति पाटिल, प्रआर. पंजाबराव परते, आर. सुनील उइके, आर. मनोज, आर. तनवीर, मआर. चांदनी, मआर. जिया की विशेष भूमिका रही है ।

### शहीद दिवस आज, निकलेगा मार्च

**बैतूल।** स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में आज सोमवार माय भारत द्वारा सुबह 9 बजे शहीद दिवस मनाया जाएगा। माय भारत की जिला अधिकारी सुषमा गवली ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ श्रद्धांजलि समारोह एवं मार्च कारगिल चौक से प्रारंभ होकर माई भारत परिसर मे सम्पन्न होगा। संस्था ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

---

महापुरूषों की स्मृति गौरवशाली पल

## श्रमदान कर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत बैतूल युवा आयोजित सुखदेव भगत सिंह व राजगुरु के शहीद दिवस के पूर्व अवसर पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम सार्वजनिक शपथ व सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कैप्टन दीपक सुदामा सूर्यवंशी, हरिराम पवार और डॉ.विनय सिंह चौहान के आतिथ्य में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों दीपक पवार नितेश लोखंडे, एएस चौहान हरिराम पवार, सुखदेव पांसे, सुरेश पवार, सुदामा सूर्यवंशी, अनिल झाड़बड़े, हरीश राठौर, सूरज नरवरे, राजेश ठाकरे आदि का सम्मान किया गया। इस मौके पर डॉ.विनय सिंह चौहान ने बताया कि आज हम इन महापुरुषों को याद कर रहे हम सभी के लिए अत्यंत गौरवशाली पल है। कैप्टन दीपक ने बताया कि मां भारती की सच्ची सेवा हम तभी कर पाते हैं जब पूर्ण जज्बे के साथ समर्पण भाव हो। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र बिहारिया ने व आभार निमेष मालवी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर हेमा सिंह चौहान, रामनारायण शुक्ला, संजना धुर्वे, निमिष मालवीय, डॉ.सागर बिनझाडे, नूतन जैन, डैनी सावनकुमार रामेश्वर, नागले, मनीष धोटे, सुशील उदयपुरे, महेश गुंजेले, रेखा गुजरे, सर्वेश दीक्षित आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रमदान व स्वच्छता अभियान भी चलाया गया एवं स्वच्छता की शपथ भी ली गई।

324 में से 264 शामिल

## जेईई और नीट विद्यार्थियों के लिए सुपर-100 चयन परीक्षा

### मेधावी छात्रों को इंदौर में मुफ्त मिलेगी कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



रविवार को सुपर-100 चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा इंदौर के मल्हार आश्रम में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। इसमें वे विद्यार्थी शामिल हुए, जो दसवीं की बोर्ड परीक्षा दे चुके हैं और आगे जेईई एवं नीट की तैयारी करना चाहते हैं।

संस्थान में इंजीनियरिंग की 100 सीटों पर प्रवेश के लिए यह परीक्षा हुई। कुल 324 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 264 ने परीक्षा दी, जबकि 60 अनुपस्थित रहे। मेडिकल (नीट) वर्ग में 255 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कन्या स्कूल गंज की प्राचार्य ललित लाल लिलहौरे ने बताया कि परीक्षा में गणित, विज्ञान, फिजिक्स और केमिस्ट्री से संबंधित प्रश्न शामिल थे। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और आवासीय सुविधा प्रदान करना है। मल्हार आश्रम इंदौर में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग और आवासीय सुविधा मिलती है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर पाते हैं। यह चयन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में...

## बच्चों को बावड़ी का निरीक्षण कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रविवार ग्राम किला खदरा में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन प्रस्फुटन ग्राम किला खण्डरा में जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में किया गया।

जहां जिला समन्वयक प्रिया चौधरी सीएमसीएलडीपी के नेतृत्व में सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों की कक्षा भी आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मंदिर परिसर में ध्यान, पूजन, मानस पाठ, संकीर्तन एवं आरती-अर्चन किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही मानव श्रृंखला का निर्माण कर एवं रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। वरिष्ठ नागरिक संगठन के सचिव केके पांडे ने बताया कि ग्राम स्तर पर सोशल वर्क किस प्रकार किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम किला खण्डरा में स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण विद्यार्थियों को कराया गया। बावड़ी का पूजन परामर्शदाता आशीष कोकने द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। इस अवसर पर बैतूल ब्लाक के परामर्शदाता प्रमोद जागरे, सुनील पंवार, मीनाक्षी मालवी तथा राजू आठनेरे एवं जिला समन्वयक प्रिया चौधरी एवं संस्था अंश सेवा समिति से सावी मालवीय उपस्थित रहे।

---

विश्व जल दिवस पर जिले के कई विकासखंडों में विभिन्न गतिविधियां की गईं आयोजित

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 (जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम - प्रथम चरण) के अंतर्गत रविवार जिले के बैतूल विकासखंड के ग्राम किला-खंडारा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन प्रस्फुटन ग्राम किला खंडरा में जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में किया गया, जहां जिला समन्वयक प्रिया चौधरी सीएमसीएलडीपी के नेतृत्व में सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों की कक्षा भी आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मंदिर परिसर में ध्यान, पूजन, मानस पाठ, संकीर्तन एवं आरती-पूर्चन किया गया तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। साथ ही मानव श्रृंखला का निर्माण कर व रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक सेवा संगठन एवं गायत्री परिवार से जुड़े पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ नागरिक संगठन के सचिव केके पांडे ने बताया कि ग्राम स्तर पर सोशल वर्क किस प्रकार किया जाता है। साथ ही समाज कार्य के अंतर्गत आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान के तरीकों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर जल स्त्रोतों का पूजन भी किया गया तथा ग्राम किला खण्डरा में स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण विद्यार्थियों को कराया गया। बावड़ी का पूजन परामर्शदाता आशीष कोकने द्वारा किया गया। साथ ही आगामी माह में बावड़ी स्वच्छता अभियान चलाने हेतु कार्य योजना भी तैयार की गई। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। इस अवसर पर बैतूल ब्लॉक के परामर्शदाता प्रमोद जागरे, सुनील पंवार, मीनाक्षी मालवी तथा राजू आठनेरे एवम नावँकुर संस्था अंश सेवा समिति से सावि मालवीय सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण और भूमि सुपोषण के लिए निकाली जागरूकता रैली

**शाहपुर।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड शाहपुर के सेक्टर बरेठा अंतर्गत ग्राम मोखामाल में जल संगोष्ठी और भूमि संरक्षण एवं कुपोषण विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था जय सेवा वेलफेयर फाउंडेशन बरेठा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मोखा माल के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। भूमि सुपोषण अभियान के तहत हमारी पृथ्वी माता की मिट्टी की पूजन की गई और जीव तत्व है जैविक खेती अपनाकर इस भूमि को रासायनिक जहर से मुक्त करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोखामाल के सरपंच राम दरश्यामकर रहे। साथ ही आशा संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर देवेंद्र चतुर्वेदी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक संतोष सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी के पश्चात ग्राम में जन-जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।



### नपकर्मी वसूली लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील, फरवरी तक हुई थी 60 प्रतिशत वसूली

# कर वसूली के मैदान में उतरीं महिला नपकर्मी अवकाश के दिन में भी चला रहीं अभियान

इस बार सोहागपुर नगर परिषद ने कर वसूली के लिए महिला नपकर्मियों को बागडोर सौंपी है। महिलाकर्मी भी वसूली कार्य में बहुत मेहनत कर रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





वित्तीय वर्ष समाप्त होने को कुछ ही दिन बचे हैं। तथा नगर परिषद राजस्व शाखा कर्मी शहर में कर वसूली के लिए प्रयत्नशील हैं। यहां तक कि महिला नपकर्मी भी कर वसूली कर रही हैं। नपकर्मी अवकाश दिवसों में भी वसूली के लिए वार्डों व बाजार में सक्रिय हैं। सोहागपुर नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि करों की वसूली का लक्ष्य प्राप्त करना है। जिसके लिए शहर के सभी 15 वार्डों के कर वसूली कर्मचारी नियमित रूप से वार्ड क्षेत्र में भ्रमण करते हुए संपत्ति कर, जलकर, शिक्षा उपकर, समेकित कर आदि की वसूली कर रहे हैं। वहीं बाजार क्षेत्र में भ्रमणकर ये कर्मचारी दुकान किराया तथा शेष प्रीमियम राशि की वसूली के लिए भी सतत प्रयत्नशील हैं। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में वसूली के लिए एक कर्मचारी तथा एक सहायक कर्मचारी नियुक्त किया गया है, जो कि कार्यालयीन समय के अलावा भी वार्डों में भ्रमण कर वसूली कार्य को संपन्न करने में लगे हुए हैं।

## महिला कर्मी भी मैदान में

नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिन वार्डों में वसूली प्रतिशत सदैव कम रहा है, उन वार्डों में इस बार नगर परिषद की महिला कर्मचारियों को वार्ड के निर्धारित वसूली कर्मचारियों के साथ भेजा जा रहा है। ताकि वसूली का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सके। देखा जा रहा है कि नगर परिषद की महिला कर्मचारियों ने भी अवकाश के दिनों में वसूली कार्य पूर्ण लगन के साथ किया है। जबकि इस समय नवरात्र का पर्व है तथा महिलाओं को अधिक कार्य होते हैं। लेकिन इसके बाद भी उन्होंने पुरुष कर्मचारियों के साथ वसूली में पूर्ण क्षमता के साथ सहयोग किया है।

## थोड़ा बचा था लक्ष्य

नगर परिषद राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार चालू वित्तीय वर्ष की वसूली के लक्ष्य की 60% पूर्ति फरवरी 2026 के प्रथम पखवाड़े के अंत तक की जा चुकी थी। तथा मार्च माह में 35 से 40% वसूली शेष रह गई थी। यह आंकड़ा सोहागपुर नगर परिषद के श्रेष्ठ वसूली प्रयासों में शामिल है। जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की कर वसूली की कुल मांग 80,71,898 रुपये थी। जिसमें संपत्ति कर लगभग 13.38 लाख रुपये, समेकित कर लगभग 5.7 रुपये, शिक्षा उपकर लगभग 2.57 लाख रुपये, नगरीय विकास उपकर 2.25 लाख रुपये, जलकर करीब 14.07 लाख रुपये, कांप्लेक्स व दुकान किराया 22.54 लाख रुपये लक्ष्य में शामिल थे।

**वसूली बढ़ रही**

फिलहाल अवकाश के दिनों में भी कर्मचारी वसूली कर रहे हैं। महिलाकर्मी भी शामिल हैं। आशा है कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों तथा सीएमओ साहब के निर्देशानुसार लक्ष्य प्राप्त करेंगे।

**संजय परसाई,** सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर परिषद राजस्व शाखा सोहागपुर

# युवा हिंदू वाहिनी ने मुस्कान संस्था में कन्यापूजन किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी जिला नर्मदापुरम की समस्त पदाधिकारियो ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मुस्कान संस्था बालिका गृह पहुंचकर कन्या पूजन किया।

वाहिनी सदस्यों ने बालिकाओं के पैरों में माहुर लगाकर कन्या भोजन करवाया एवं उन्हें उपहार दिए। अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि नवरात्रि में कन्या भोजन का बहुत महत्व है। इस अवसर पर ज्योति त्रिवेदी, रिंकू मालवीय, सपना चौहान, रीता अग्रवाल, नीलम मालवीय, ज्योति तोमर, ममता अग्रवाल, तरुणा सोनी, मेघा तिवारी, रविना चौहान, रेखा मालवीय, हेमा मालवीय, संगीता मालवीय, अंजली त्रिवेदी आदि सभी के सहयोग से कन्या पूजन व भोजन का आयोजन सफल हुआ।

# कोर्ट चौराहे पर व्यापारियों की मांग पर नप लगाएगी संकेतक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा शीघ्र ही सिविल कोर्ट चौराहे पर स्थल संकेतक बोर्ड लगाएगी। बताया जाता है कि क्षेत्र के व्यापारियों ने उक्त बोर्ड लगाने की मांग नप से की थी। सिविल कोर्ट चौराहा क्षेत्र के व्यापारियों ने बताया कि स्टेट हाईवे चौराहे पर बस स्टॉपेज भी है। बसों से उतरने वाले नागरिक कई बार कोर्ट, नप तथा जपं के कार्यालयों, अस्पताल, रेलवे स्टेशन व अन्य क्षेत्रों का पता पूछते हैं। अतः व्यापारियों ने लिखित पत्र सौंपकर सोहागपुर नप सीएमओ से मांग की थी कि चौराहे पर स्थल संकेतक बोर्ड लगाएं। जिसमें कोर्ट चौराहे से प्रमुख स्थानों की दिशा एवं दूरी का उल्लेख हो। इधर नप सूत्रों ने बताया कि व्यापारियों की मांग को नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने गंभीरता से लिया व बोर्ड लगाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए हैं। व्यापारी प्रदीप भावसार ने बताया कि नर्मदा परिक्रमावासी चौराहे आकर आगे स्थित किसी विश्राम स्थल बावत पूछते हैं। जिसके लिए सीएमओ से अपेक्षा की गई थी कि नर्मदापुरम की ओर चौराहे से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर भीलट बाबा स्थल का उल्लेख अवश्य कर दें। क्योंकि वहां पर परिक्रमावासियों के विश्राम के लिए स्थल निर्धारित है, ताकि नर्मदा परिक्रमावासी आराम कर सकें।

# चौरिया कुर्मी समाज का विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर होगा, समितियां गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चौरिया कुर्मी समाज संगठन द्वारा आगामी अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को हुई समाज की कामकाजी बैठक में सम्मेलन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने व्यापक रणनीति तैयार कर सर्वसम्मति से विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए पृथक-पृथक समितियों का गठन किया।

## प्रचार-प्रसार के लिए विशेष कार्ययोजना

सम्मेलन की सफलता और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए संपूर्ण जिले एवं प्रदेश को 13 सेक्टरों में विभाजित किया है। प्रत्येक सेक्टर में एक प्रभारी और सह-प्रभारी सहित 7-7 सदस्यों की टीम तैनात की गई है। यह टीमें घर-घर जाकर सामाजिक बंधुओं को सम्मेलन के लिए आमंत्रित करेंगी।

## 20 अप्रैल को होगा आयोजन

संगठन के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल एवं आयोजन ग्राम घुगवासा के सरपंच नवल पटेल ने बताया कि 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के लिए नर्मदापुरम जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों में भी समाज के पदाधिकारी स्वयं पहुंचकर प्रत्येक परिवार को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण देंगे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुशल पटेल एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष भगवती चौरे उपस्थित रहे।

उनके मार्गदर्शन में आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बहादुर चौधरी, किशन दास चौरे, श्रवण चौधरी, रामकिशोर चौरे, पुरुषोत्तम झलिया, हरीकिशोर पटेल और युवा अध्यक्ष सोनू रंजीत पटेल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। संचालन अरुण पटेल ने किया।

# पिकल बॉल टूर्नामेंट का में अंबर व शिवम की जोड़ी चैंपियन, शशिकांत वाणी ने खिलाड़ियों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



खेल प्रेमियों के लिए उभरते हुए खेल पिकल बॉल का डबल्स टूर्नामेंट रविवार को स्थानीय एलकेजी ग्राउंड में हुआ। जिला पिकल बॉल संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में अंबर और शिवम की जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

## फाइनल और तीसरे स्थान के मुकाबले

टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण फाइनल मैच रहा, जो अंबर-शिवम और अंशुल मिश्रा-विकास जुनेजा की जोड़ी के बीच खेला। बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में अंबर और शिवम ने 15-8 के अंतर से विजय प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। तीसरे स्थान के लिए अंश-गौरव और वरुण-सौरभ के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें अंश और गौरव की जोड़ी ने 11-7 के स्कोर से जीत दर्ज कर तीसरा स्थान हासिल किया।

## पुरस्कार वितरण व सम्मान

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शशिकांत वाणी ने विजेता टीम को गोल्ड मेडल और उपविजेताटीम को सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री वाणी ने कहा कि आने वाले समय में इटारसी पिकल बॉल की नर्सरी के रूप में पहचाना जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में मध्य प्रदेश की टीम से खेलने के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## आयोजकों ने जताया आभार

जिला पिकल बॉल संगठन के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। संगठन के संरक्षक दिनेश गोठी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। संचालन गोल्डी मोलासरिया ने किया।

# पानी को सहेजने के तरीके बताने कार्यशाला आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

हमारी लापरवाही से हर घर में औसतन रोज करीब 300 लीटर जल बरबाद होता है। 6 सदस्यीय परिवार स्नान व ब्रश जैसी दिनचर्या की गतिविधियों में न जाने कितना पानी बहा देता है। विश्व जल दिवस के मौके पर हम सभी सोचे की दिनचर्या की गतिविधियों में जो पानी हम फालतू बरबार कर रहे हैं, उसे बचाने की आदत डालें। ब्रश करते समय, नहाते समय, पाइप लगाकर गाड़ी धोते समय, आरो का पानी, टंकी का ओवर फ्लो होना में हम रोज पानी बरबाद कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड पिपरिया द्वारा समस्त विकास खंड में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संवर्धन पर वक्ताओं के द्वारा अपने विचार प्रकट किए गए एवं जल संरक्षण की सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर गांव गांव में कार्यक्रम करने की योजना तैयार की गई, जिसमें सभी ने जल बचाने एवं उसके समुचित उपयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी एवं जिला समन्वयक पवन सहगल उपस्थित रहे।

# धार्मिक गीतों से सजी शाम कलाकारों ने गाए देवी भजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा प्रति रविवार सुरीला नर्मदापुरम संगीत कार्यक्रम लगातार जारी है। इस रविवार नर्मदापुरम की शाम धार्मिक गीतों से सजी। स्थानीय संगीत कलाकारों ने देवी भक्ति , चैटीचांद और रमजान के गीत गाए। रविवार शाम शाम नेहरू पार्क में 40 से अधिक गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम के अंत में नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल , हरिशंकर शर्मा , मनीष परदेशी , दीपक हेमनानी ने गायक कलाकारों का सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग इस सुरीली शाम में शामिल होने कार्यक्रम में पहुंचे।

## इन गायक कलाकारों ने गाए धार्मिक गीत

सुरीला नर्मदापुरम संगीत कार्यक्रम में ढोलकीच्या तालावर, घंग़राच्या बोलावर - कंचन बनौधा, तेरे नाम का करम है - हेमंत साहू , लेके पूजा की थाली - सीमा रैकवार, मैं शरण तुला अम्बे माँ - प्रतिमा करकरे, तुझे कब से पुकारे तेरा लाल - वासुदेव सेन , एकविरा आई तू डोंगरावरी - अनुजा आचार्य , तेरे दरबार में मैया खुशी मिलती है- चंद्रप्रभा नामदेव, ये चमक ये दमक - मनोज यादव , मैं बालक तू माता शेरावालीए - कमल सिंह राजपूत, आऊंगी आऊंगी मैं अगले बरस फिर आऊंगी - भारती शुक्ला, जवारे तोरे हरे हरे - आनंद मोहन शुक्ला , तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, दे दे थोड़ा प्यार मैया तेरा क्या घट जाएगा- संजय साहा , चलो बुलावा आया है - सरोज गुबरेले , जीना जीना जीना उड़ा गुलाल माई मेरी चुनरिया लहराए - कमल झा , तू कितनी प्यारी है तू कितनी भोली है - दीपक केवट , पग पग ठोकर खाऊं - संजीव सक्सेना , नवरी नटली बाईग सुपारी फुटली - मोनल हर्णे , धरती गगन में होती है - माधवी दुबे , मन लेके आया माता रानी के भवन में - रक्षा श्रीवास्तव , नन्हे नन्हे पांव मेंरे ऊंचा पर्वत तेरा - तरुण देव, मैं हूँ दासी तेरी दातिये - राखी रोहर , भोर भई दिन - डॉ नैना सोनी, मा मनसा मेरी लाज - राजीव रोहर, आया तेरे दर पे दीवाना - रीतेश साहू, चेतन, मुबारक हो तुम सबको हज का महीना - शाहिद खान, सुख के सब साथी - सचिन गौर, हे राजाराम तेरी आरती उतारू - प्रकाश करकरे, मेरी मां के बराबर कोई नहीं- आशीष शुक्ला , समय को भरोसो कोनी - तन्मय यादव , मां मेरी मां से - हरीश माँझी, लाली-लाली लाल चुनरिया कैसे न मां को भाए - संगीता चौहान, मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी - हिमांशी परिता, दमादम मस्त कलंदर - निकिता वरयानी, पंखिड़ा ओ पंखिड़ा - कल्पना कहार , मां शारदा भवानी बैठी है- अलभ्या , लालझूले लालझूले लाल झूलेलाल - सूरज तलरेजा ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी। संप्रभु सोनकिया ने कविता पाठ किया।

# धर्म से जुड़ी आस्था और श्रद्धा का संदेश देती सिवनी मालवा के दुर्गा पंडाल की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



सिवनी मालवा क्षेत्र के ठाकुर मोहल्ले स्थित श्री नवदुर्गा मंडल में नवरात्रि के दौरान आयोजित दुर्गा सप्तशती पाठ के समय एक ऐसी धार्मिक अनुभूति की चर्चा सामने आई है, जिसे श्रद्धालु भक्तिभाव और आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। जानकारी के अनुसार, धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उपस्थित भक्तों ने एक गहन आध्यात्मिक वातावरण और दिव्य अनुभूति का अनुभव होने की बात कही। श्रद्धालुओं का मानना है कि उस समय उन्हें भगवान हनुमान जी की उपस्थिति का आभास हुआ, जिसे उन्होंने माता रानी और श्रीराम भक्त हनुमान जी की कृपा के रूप में स्वीकार किया। भक्तों के अनुसार, भोग और जल अर्पण के समय कुछ ऐसे संकेत महसूस हुए, जिन्हें उन्होंने दिव्य स्वीकृति और ईश्वरीय कृपा का प्रतीक माना। वहीं, धार्मिक मान्यताओं में यह भी कहा जाता है कि जहां माता दुर्गा की आराधना और श्रीराम नाम का संकीर्तन होता है, वहां बजरंगबली की उपस्थिति और कृपा का वास माना जाता है। इस आयोजन में मौजूद श्रद्धालुओं ने बताया कि पूरे वातावरण में शांति, सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति भाव का विशेष अनुभव हुआ, जिसे उन्होंने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखा जा रहा है।श्री नवदुर्गा मंडल के सदस्यों ने इसे पूर्ण रूप से भक्ति और श्रद्धा का परिणाम बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, एकता और सकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं। उनका कहना है कि नवरात्रि जैसे पावन अवसर पर होने वाले ऐसे धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक दृढ़ करते हैं।स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे देवी-देवताओं की कृपा से जुड़ी एक पवित्र धार्मिक अनुभूति के रूप में देख रहे हैं।

## कृषि यंत्रों का उपयोग कर किया प्रभावी फसल अवशेष प्रबंधन

**नर्मदापुरम।** विकासखंड पिपरिया के ग्राम पंचायत तालपुरा के प्रगतिशील कृषक भगवान दास गौर ने नरवाई प्रबंधन का उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपनी खेती में आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग कर यह साबित किया है कि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ खेती को भी लाभकारी बनाया जा सकता है। किसान गौर ने गेहूं की फसल कटाई के तुरंत बाद स्ट्रॉ रीपर का उपयोग कर फसल अवशेषों को भूमि में मिला दिया। इसके बाद शेष बची नरवाई को डिस्क हैरो की सहायता से खेत में मिलाते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग की बुवाई के लिए खेत को तैयार किया जा रहा है। विशेष बात यह रही कि उन्होंने एक ही खेत में एक साथ तीन कृषि यंत्रों का संचालन कर नरवाई प्रबंधन का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

### श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का चतुर्थ दिवस

# धनुष भंग के साथ जनकपुर में गूंजा श्रीराम का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



संपूर्ण नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस वर्ष श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। चतुर्थ दिवस की कथा में व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि मिथिला नरेश राजा जनक की नगरी आज एक ऐतिहासिक और अलौकिक उत्सव की साक्षी बनी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने भगवान शिव के प्राचीन 'पिनाक' धनुष को खंडित कर न केवल स्वयंवर की शर्त पूरी की, बल्कि जगत जननी माता सीता के वरण का मार्ग भी प्रशस्त किया। इस दृश्य को देख आकाश से देवताओं ने पुष्प वर्षा की और पूरी मिथिला नगरी 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। महाराज जनक द्वारा आयोजित इस स्वयंवर में भाग लेने के लिए सुदूर प्रांतों से पराक्रमी राजा और राजकुमार पधारे थे। शर्त अत्यंत कठिन थी- भगवान शिव के भारी-भरकम धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना। एक-एक कर सभी राजाओं ने प्रयास किया, यहाँ तक कि कई बलशाली योद्धा मिलकर भी धनुष को हिला तक न सके। राजा जनक को निराश देख महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम मंच से उतरे। जैसे ही सुकोमल शरीर वाले श्री राम ने धनुष की ओर कदम बढ़ाए, सभा में सन्नाटा पसर गया। श्री राम ने अत्यंत सहजता से धनुष को उठाया और जैसे ही उस पर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया, वज्रपात जैसी भीषण ध्वनि के साथ धनुष बीच से दो टुकड़ों में टूट गया। आयोजन समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, देवेंद्र पटेल, एमएल गौर, दिनेश सैनी, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इटारसी से डॉ आर दयाल, डॉ के सी साहू, डॉ विवेक चरण दुबे, डॉ आभा दुबे, डॉ सुनील देवानी, डॉ विकास जेतपुरिया आदि मौजूद रहे।

## आज 3 घंटे बंद रहेगी संपूर्ण माखननगर की बिजली

**माखननगर।** माखननगर में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान 11 केवी फीडर को आज सुबह 10 से 1 बजे तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई तीन घंटे बंद रखी जाएगी। समय को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। विद्युत विभाग के एई से मिली जानकारी के अनुसार शहर में सड़क चौड़ीकरण के कार्य अंतर्गत लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है इसके कारण 11 केव्ही माखन नगर शहर की सप्लाई सुबह 10ः बजे से 1 बजे तक बंद रहेगी। हालांकि शहरवासी भीषण गर्मी में बिजली बंद होने से नाराजगी जता रहे हैं। उनका कहना है कि जो काम सर्दी के दिनों में होना चाहिए उसे गर्मी में क्यों कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ईद का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**रहटगांव।** क्षेत्र मे शनिवार को ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह मे 8.15 बजे एवं कब्रिस्तान परिसर में 8.30 बजे ईद की नमाज अदा की गई। गौरतलब हैं मुस्लिम समुदाय द्वारा 30 दिनों के माह-ए- पाक रमजान के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता हैं,लोग ऊपरवाले से एक-दूसरे की खुशी और अमन-चैन की दुआ करते हैं। यह पर्व खुशियां बांटने और लोगों को एक-दूसरे से मोहब्बत और इज्जत आफजाई सिखाता है। नमाज के बाद सभी एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाइयां दी।

### रिक्की इलेवन को 265 रन के अंतर से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार खेले गए इस मैच में अनेक रिकार्ड बने है। जिसमें इस मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से खेलते हुए शहर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज अतुल कुशवाहा ने मात्र 69 गेंद पर नाट आउट 190 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी में उन्होंने सात चौके के साथ 21 छक्के लगाए। इसके अलावा सौरभ वर्मा ने 23 गेंद पर 41 रन बनाए थे। अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन की टीम 53 रन पर ढेर हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें अतुल कुशवाहा ने मात्र 69 गेंद पर 190 रन, सौरभ वर्मा ने 23 गेंद पर 41 रन और युवराज ने 17 रन की पारी खेली थी। इधर रिक्की इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए रविन्द्र सिंह ने दो विकेट, दीपक तोमर, गोलू राठौर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन की पूरी टीम 11 ओवर में 53 रन पर ढेर हो गई। इसमें एक मात्र देवेन्द्र चंद्रवंशी ने 18 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश ने चार ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट, अविनाश बैरागी-यश लोधी ने दो-दो विकेट हासिल किए। मैच के अंत में आयोजन समिति की ओर से विस्फोटक बल्लेबाज अतुल कुशवाहा को 190 रन की रिकार्ड पारी की बदौलत पुरस्कार प्रदान किया।

### किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान होता है।

बहुजन एकता महाआंदोलन आयोजित किया गया

# 2028 में जिले की दोनों विधानसभा से 'नीली और पीली क्रांति' से विधायक चुनेंगे: यादव

## 9 जून को हरदा में एक बड़े आंदोलन की घोषणा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नेहरू स्टेडियम में रविवार को एससी, एसटी एवं ओबीसी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में बहुजन एकता महाआंदोलन आयोजित किया गया। इस जनसभा का उद्देश्य 'आरक्षण बचाओ और संविधान बचाओ' था, जिसमें देश में आरक्षण खत्म करने के मुद्दे पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय नेता दामोदर यादव ने मंच से घोषणा की कि यह आंदोलन करणी सेना द्वारा इसी स्टेडियम में आरक्षण खत्म करने के मुद्दे पर की गई सभा के जवाब में आयोजित किया गया है। उन्होंने आरक्षण के खिलाफ बोलने वालों को चेतावनी दी। यादव ने आगामी 9 जून को हरदा में एक बड़े आंदोलन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में यह तय किया जाएगा कि 2028 के विधानसभा चुनावों में जिले की दोनों विधानसभा सीटों से 'नीली और पीली क्रांति' के माध्यम से विधायक चुने जाएंगे। उन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से मिलकर प्रदेश में एक नई राजनीतिक ताकत बनाने और चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया। दामोदर यादव ने बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री और कुबेरेश्वर धाम के पंडित प्रदीप मिश्रा पर विवादित बयान दिए। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री को 'अनपढ़ और गंवार' जैसे अमर्यादित शब्दों से संबोधित किया। करणी सेना के आंदोलन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मनुवादी लोग देश से आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं, लेकिन हम इसे कभी खत्म नहीं होने देंगे। उन्होंने पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को सही ठहराया और कहा कि आरक्षण का विरोध करने वालों पर ही लाठी चलनी चाहिए। उन्होंने करणी सैनिकों की तुलना 'मेढ़क' से की। यादव ने स्थानीय विधायक डॉ. आर.के. दोगने पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस वर्ग से वे विधायक बने हैं, यदि वे बहुजनों के साथ खड़े होते हैं तो उनकी ताकत दोगुनी या चौगुनी हो जाएगी, अन्यथा उनका अस्तित्व भी पता नहीं चलेगा।

### यह मांगें रखी

आंदोलन के दौरान विभिन्न मांगे रखी गई, जिसमें यूजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कानून लागू किया जाए की मांग की है। इसके अलावा वन अधिकार कानून 2006 के समस्त कानून को शक्ति से लागू किया जाय जिससे सामुदायिक अधिकार और व्यक्तिगत अधिकार देना सुनिश्चित किया जाए आदिवासी बहुल क्षेत्र पैसा एक्ट पूर्णत लागू किया जाए। एससी एसटी एक्ट को मजबूत किया जाए था उसमें दिए गए दी जाने वाली राहत राशि को बढ़ाया जाए। अंतर जाति विवाह करने वाले युवक वाले युवक युवतियों को शासन द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप 5 लाख राशि दिया एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जाए संविधान एवं देश के महापुरुषों के खिलाफ अमर्यादित बयान देने वाले पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए के तहत कार्रवाई की जाए। आईएएस संतोष वर्मा को कारण बताओं नोटिस सहित केंद्र को निलंबन हेतु लिखित पत्र निरस्त किया जाए एवं अनिल मानिक हत्या कांड के फरार मुख्य आरोपी कांग्रेस नेता धरमू उर्फ धर्मेंद्र पटेल की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए सहित अन्य मांग की है।

पुलिस जांच में जुटी

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शनिवार रात एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक अरुण पंवार की मौत हो गई। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बालागांव के पास हुई। रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद परिजनों ने इसे लेने से इनकार कर दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी ने परिजनों को शव ले जाकर अंतिम संस्कार करने की समझाइश दी। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बालागांव निवासी 20 वर्षीय अरुण पिता बाबूलाल पंवार पिछले एक महीने से शिवपूजन टाले के यहां मजदूरी और ट्रैक्टर चलाने का काम कर रहा था। शनिवार रात को हरदा से बूंदड़ा की ओर जा रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई संजू पंवार ने बताया कि अरुण चार भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। संजू के अनुसार, जब वह कनारदा के पास अपनी बाइक में पेट्रोल डलवा रहे थे, तब अरुण ने उन्हें जल्दी आने को कहा था। संजू ने आरोप लगाया कि उनका भाई ट्रैक्टर में आगे की तरफ बैठा था और ग्राम भाटपरेटिया निवासी सौरभ उर्फ शोएब ट्रैक्टर चला रहा था। शोएब ने अरुण को चलते ट्रैक्टर से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, प्रथमदृष्टया यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मृतक के परिजनों द्वारा व्यक्त किए गए संदेह के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**परिजनों का आरोप यह दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है**

# जल्द ही हरदा पूरे प्रदेश में एकमात्र ऐसा जिला बन जाएगा जो शत-प्रतिशत सिंचित होगा: कमल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



शनिवार को भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरदा जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही हरदा पूरे प्रदेश में एकमात्र ऐसा जिला बन जाएगा जो शत-प्रतिशत सिंचित होगा। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने जिले में 'शहीद इलाप सिंह माइक्रो उद्वहन परियोजना' स्वीकृत की है।

इससे 118 गांवों के किसानों को पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। पाइपलाइन डालने का काम शुरू हो गया है, जिसमें अब तक करीब 110 किलोमीटर क्षेत्र में काम पूरा हो चुका है, जबकि कुल 150 किलोमीटर क्षेत्र में लाइन डाली जानी है। पटेल ने इन गांवों के किसानों से अपील की है कि आगामी ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की बुआई के दौरान पाइपलाइन के दोनों तरफ की जमीन पर मूंग की बुआई न करें।

इससे पाइपलाइन डालने के काम में कोई दिक्कत नहीं होगी। किसान भाइयों ने सहयोग किया तो आगामी 1 नवंबर से इन 118 गांवों को इस योजना के माध्यम से पानी उपलब्ध हो जाएगा। यह परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी, जिससे उन्हें बिजली, डीजल और पाइपलाइन बिछाने की लागत की बचत होगी। किसानों को नोजल चालू करते ही निर्धारित समय पर सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत 18 मार्च को जिले के लिए एक नई सौगात देने की घोषणा की है। सिंचाई विभाग के माध्यम से योजना तैयार कर 104 गांवों के किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के हरदा आगमन के दौरान कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मुद्दे पर कमल पटेल ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर कांग्रेस के नेता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने मंच पर बैठकर सरकार के कार्यों की सराहना कर रहे थे।

उन्होंने इस स्थिति पर सवाल उठाते

# राम नाम का उदघोष सुख संपत्ति ,यश कीर्ति प्राप्त करने तथा भव सागर से पार करने का अचूक अस्त्र: पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलयुग में श्रीराम का भजन ही सभी सफलताओं का मूल मंत्र है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में प्रभु श्री राम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग केवल नाम आधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा केवल प्रभु श्री राम का जौर से उद्घोष ही मनुष्य को संकट से पार करने वाला ही नहीं जीवन में सुख संपत्ति, यश कीर्ति एवं भव सागर से पार करने में सहायक सिद्ध होता है।

उपरोक्त उदगार राम नवमी के दिवस प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा की तैयारियां संबंधी बैठक में समिति के प्रचार-प्रसार प्रभारी डॉ. एल.एन.पाराशर द्वारा व्यक्त किये। आगामी 27 मार्च को रामनवमी पर श्री हिन्दू उत्सव समिति प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। आयोजन का यह दूसरा वर्ष है तथा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक उत्साह तथा तैयारियां पूरे जोश उत्साह एवं उमंग के साथ जारी है। इसके लिए हरदा शहर को पूर्णतः भगवा रंग में रंगकर प्रभु श्री राम के प्राकट्योत्सव की तैयारी की जा रही हैं। शनिवार को श्री हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा आयोजित बैठक में हिन्दू नव वर्ष के कैलेण्डर का भी विमोचन उपस्थित सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। जिसका वितरण आयोजन के लिए नगर संपर्क तथा मोहल्लों में घर घर तथा शहर की दुकानों में किया जावेगा। आयोजित बैठक में जगदीश टांक,दर्शन सिंह गेहलोत, नरेन्द्र भांबू , रोहित अग्रवाल ,जय कृष्ण चांडक,लक्ष्मण सिंह राजपूत, जगदीश राजपूत , किट्टी पटेल ,दीपक नागराज, राहुल अग्रवाल, रोहित लाठी, अध्यक्ष मुन्ना लाल धनगर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में ड्राइवर की मौत, केबिन में फंसे शव को निकालने में 2 घंटे लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 33 वर्षीय ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। यह दुर्घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कांकरिया के पास हुई। ट्रक और डंपर की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि ड्राइवर का शव केबिन में फंस गया, जिसे निकालने में दो घंटे लगे।

सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी ने बताया कि खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र की तिवारी कॉलोनी निवासी अजमल पिता सरदार बास्केल (33) महाराष्ट्र के कन्नड़ से शक्कर भरकर मंडीदीप जा रहे थे। रात करीब 11:30 बजे ग्राम कांकरिया के पास हरदा की ओर से रेत भरकर आ रहे तेज रफ्तार डंपर (क्रमांक एमपी 47 जेड वी 3470) से उनके ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शक्कर से भरा ट्रक ड्राइवर साइड से पूरी तरह पिचक गया, जिससे अजमल बुरी तरह उसमें फंस गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। डंपर चालक दीपक पिता हरिकुश कुशवाहा को भी चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक अजमल के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## 22 से 24 मार्च तक होगा राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026 का आयोजन

**बुधनी।** केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी में 22 से 24 मार्च 2026 तक राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है, जिसमें देशभर से किसान, उद्योग प्रतिनिधि, वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, एंदल सिंह कंसाना कृषि मंत्री मप्र शासन, गौतम टेटवाल राज्यमंत्री मप्र विधायक रमाकांत भार्गव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी रहेंगे। यह एक्सपो कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों पर आधारित एक राष्ट्रीय स्तर का मंच है, जिसका उद्देश्य किसानों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, वैज्ञानिकों तथा नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन





**सीहोर।** स्थानीय पावर हाउस कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाये जाने हेतु मंदिर समिति संरक्षक पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना के निज निवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर समिति संरक्षक श्री सक्सेना, सह संरक्षक तरूण गौसाई, अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में इस वर्ष तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाने का निर्णय सर्व सम्मिति से लिया गया। जिसमें सर्व प्रथम दिनांक 31 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ किया जाएगा। दिनांक 1 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे रामायण जी के समापन उपरांत श्री पंचमुखी हनुमान जी का रूद्राभिषेक, हवन एंव प्रसादी वितरण सांय 4 बजे किया जायेगा। दिनांक 2 अप्रैल 2026 हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में प्रातः 6 बजे से विशेष श्रंगार दर्शन प्रारंभ होगें। सांय 7:30 बजे श्री पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती की जावेगी। आरती उपरांत महाप्रसादी का वितरण एवं 8:30 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रंगरोहन कार्य प्रारंभ कराने का एवं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा कराने का निर्णय लिया गया है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक जोशी, पं.कमला प्रसाद शर्मा एवं पुजारी अरूण जोशी के मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराये जायेगें। पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के सदस्य विनय सक्सेना, विशाल परदेशी, तिलक दांगी, कालू शर्मा, महेन्द्र वर्मा, आशीष गेहलोत पार्षद, नरेन्द्र राजपूत पार्षद, अजय पाल पार्षद, माखन परमार, सुशील ताम्रकार, पंकज मालवीय, सौरभ शर्मा, नितेश सेन, सोनू वर्मा, बबलु शर्मा, अशोक पहलवान, शुभम मालवीय, आशीष गोहर, दीपक तात्या, भुवन बंसल, गिरिश मेहता, मुकेश गोहिया, राजु शर्मा, बाबलु गांठे, चन्दु गांठी, संतोष शर्मा, गब्बर शर्मा, राहुल आसेरी, सिम्मी जैन, कपिल गौर, राहुल दांगी, मनीष परमार आदि उपस्थित रहे।

## पुराने बोरवेल को पंप डालकर चालू किया, नागरिकों को सुलभ पेयजल उपलब्ध होगा

# जिले में अनेक स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर





शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं, ताकि जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके। इसी क्रम जल संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत 20 मार्च को बुधनी के वार्ड क्रमांक 07 में पुराने बोरवेल की सफाई की गई और मोटर पंप डालकर बोर को चालू किया गया, जिससे वहां के नागरिकों को सुलभ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।

इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।